तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 27 जून 2025

13 लटूरिया मंदिर से आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

14 सरकारी स्कूलों में प्रतिभाओं की कमी ...







## खबर संक्षेप

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बरेकेल में एक महिला के साथ मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पिथौरा पुलिस को यशोदा निराला वार्ड क्रमांक 13 ग्राम बरेकेलखुर्द ने बताया कि 25 जून की शाम करीब 5 बजे अपने आंगन में पीने के लिए नल का पानी भर रही थी, तभी मेरे बड़े ससुर के बहू ललिता बाई निराला बरसात के गंदे पानी को मेरे घर के आंगन तरफ बहा रही थी, जिससे नल के पानी को पीने के लिये नहीं भर पा रही थी। इसी बात को लेकर मेरे जेठानी ललिता बाई ने गाली गलौच कर पत्थर उठाकर मारपीट किया और जेठ रविदास निराला ने फावड़ा उठाकर जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर आरोपियों के खिलाफ धार 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मारपीट के दो मामलों में आरोपियों पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नगर में मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पहले मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी शहबाज खान वार्ड 01 शंकर नगर पुराना हॉस्पिटल के पास भूषण होटल से काम कर रात्रि करीब 9.30 बजे अपने घर आ रहा था, उसी समय उसने देखा कि कुछ लोग उसके भाई गुलजार खान के साथ महासमुंद रेलवे पटरी के पास गाली गलौज मारपीट कर रहे थे। जब उसने पास जाकर देखा तो पंकज यादव, चीकू यादव व अन्य उसके दोस्त थे। जब वह झगड़ा शांत कराकर वापस अपने भाई गुलजार को लेकर घर आ रहा था, उसी समय पंकज यादव, चीकू यादव व अन्य उसके दोस्त फिर से उसके घर के पास आये और सभी ने उसे तथा उसके भाई सद्दाम खान एवं गुलजार के साथ मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं दूसरे मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि केसरीचंद साहू निवासी वार्ड 14 डॉ. लालवानी गली 24 जून को अपने बेटे नागेंद्र कुमार साहू के साथ सब्जी बेचने के लिये सब्जी मार्केट गए थे, रात 8:30 बजे तक घर आ आए और उसका मेरा बेटा खाना खाकर बस स्टैंड की ओर टहलने निकल गया। रात्रि 9 से 10 बजे के बीच रैन बसेरा बस स्टैंड के पीछे में दीपक यादव के साथ सुलेमान खान व एक अन्य का विवाद हो रहा था तथा जिसे नागेंद्र द्वारा मना करने पर सुलेमान ने जमीन में पटक दिया।

### भतीजों ने की मारपीट

महासमुंद। जिले के बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बिलखंड में एक व्यक्ति के साथ उसके भतीजों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी देवसिंह निषाद पिता नारायण सिह निषाद ग्राम बिलखंड ने बताया कि वह 24 जून को अपने घर पर था। सुबह सात बजे उसके भतीजे अर्जुन पिता जलसिंह व नकुल पिता जलसिंह आवाज देकर बाहर बुलाया और गाली देते हुए मारपीट की। आरोपियों द्वारा उसके वाहन टीवीएस एक्सेल को भी ईंट पत्थर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296,115(2), 351(2), 324(1), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# हम होंगे कामयाब के तहत 30 युवाओं को दिया गया ड्रायविंग प्रशिक्षण

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर अमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर अमल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा हम होंगे कामयाब के तहत बल्दाकछार एवं आस-पास के 30 ग्रामीण युवाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पूरा होने पर गुरुवार को विकासखंड कसडोल के ग्राम बोरसी में आयोजित चरण पादुका वितरण कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सभी 30 युवाओ को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस व प्रमाण पत्र प्रदान किया।



### ड्रायविंग लायसेंस और प्रमाण पत्र वितरित

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार अंतर्गत 9 मई को आकस्मिक निरीक्षण में विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य गांव बल्दाकछार पहुंचे थे। उन्होंने वन विभाग द्वारा बार नावापारा में जंगल सफारी के लिए वाहन चलाने हेतु स्थानीय युवाओं को ड्राइविंग ट्रेनिंग देने के निर्देश दिये थे, ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके।

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला कौशल विकास प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत 'हम होंगे कामयाब' के तहत जय अंबे ड्राइविंग स्कूल बलौदाबाजार के द्वारा इन युवाओं को ट्रेनिंग दी गई।

जिला कौशल विकास प्राधिकरण के प्रभारी अधिकारी सुमित मेरावी ने बताया कि कोर्स के तहत 30 युवाओं का चयन कर प्रशिक्षण दिया गया। अभी लर्निंग लाइसेंस दिया गया है। एक माह पश्चात परमानेंट लाइसेंस बनाया जाएगा। यह पूरा प्रशिक्षण एवं लाइसेंस पंजीयन प्रक्रिया निःशुल्क है।

## पहल : उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर हेल्पलाइन शुरू

# बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए जिले में टोल फ्री नम्बर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पुलिस विभाग द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1800-233-1905 जारी किया गया है, जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी दिनों में सक्रिय रहेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार राज्य को घुसपैठियों और अवैध गतिविधियों से मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है। जब तक ऐसी ताकतों को जड़ से नहीं उखाड़ा जाएगा, तब तक हमारे नागरिकों की सुरक्षा और शांति खतरे में रहेगी। यह हेल्पलाइन आम जनता को एक सीधा, सुरक्षित और प्रभावी माध्यम प्रदान करती है जिससे वे देशहित में अपनी भागीदारी निभा सकें। राज्य में अवैध बांग्लादेशी नागरिको की सूचना पर पूरी ताकत के साथ जांच और पहचान कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे इस हेल्पलाइन पर प्राप्त हर सूचना को गंभीरता से लें, आवश्यक सतर्कता बरतें और जल्द से जल्द आवश्यक कार्यवाही करें। साथ ही इस अभियान को लेकर आम नागरिकों में जागरूकता फैलाने हेतु प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए हैं। पुलिस विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि घुसपैठ के मामलों की पुष्टि के लिए प्राप्त सूचनाओं की सत्यता की पूर्ण जांच की जाएगी ताकि निर्दोष लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राज्य के सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें अपने आस-पास किसी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि अथवा पहचान पर संदेह हो तो वे तुरंत टोल फ्री नम्बर पर संपर्क करें। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम छत्तीसगढ़ को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सशक्त बनाए रखें।



### सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी

इस हेल्पलाइन के माध्यम से राज्य का कोई भी नागरिक अपने क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों अथवा उनकी गतिविधियों के संबंध में सूचना सीधे पुलिस प्रशासन को दे सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, ताकि लोग बिना किसी भय के राष्ट्रहित में सहयोग कर सकें। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

स्थानीय पुलिस टीम ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा हैं। एसडीओपी विजय ठाकुर ने मीडिया को बताया कि पीड़िता दूसरे राज्य में पढ़ाई करती थी, जो अपनी मां के साथ घर के कुछ कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। आरोपी पीड़िता के पिता को पूछते अचानक उनके घर आया और पीड़िता को अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया फिर चला गया। पीड़िता की पढ़ाई पूरा कराने उन्हें पुनः उनके स्कूल भेजा गया, जहां अचानक उसकी तबियत खराब हो गई, जिसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया और मनोचिकत्सीय ईलाज व काउंसिलिग कराया गया। तब इस मामला का खुलासा हुआ। पीड़ित के साथ दुष्कर्म होने की बात सामने आई, जिसके बाद सम्बन्धित क्षेत्र के थाने में एफआईआर कराई गई। पीड़िता भटगांव थाना क्षेत्र की थी, इसलिए मामला भटगांव थाना पहुंचा, जहां मामले में भटगांव थाना ने असल अपराध के तहत जांच की और आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट सहित दुष्कर्म की विभिन्न धारा के तहत कार्रवाई करते हुये आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज गया।

# ग्रामसभा में आय व्यय का अनुमोदन, जल संचय की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

ग्राम पंचायत भरुवाड़ीह में ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत के विगत तीन माह के आय व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कार्यों की समीक्षा सामाजिक सहायता कार्यक्रम जन्म मृत्यु, विवाह पंजीयन, मौसमी बीमारी अनिवार्य कर वसूली शासकीय भवनों पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण स्वच्छ भारत मिशन योजना सहित उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा जल संचय की शपथ ली गई। पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा ने ग्रामसभा का उद्देश्य पंचायती राज व्यवस्था ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली और उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। ग्रामसभा में सरपंच नरेंद्र कश्यप, उपसरपंच भाव सिंह जांगड़े, पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा, पंच कमलेश्वरी यादव, अशोक साहू, अनीता यादव, नैना बाई, सरस्वती बाई, दीनाबाई, राजेंद्र, रामानंद, कविता, फुलेश्वरी, पुष्पा, बिना बाई, पटवारी धनेश बंजारे, शंकर, धनीराम, उमाशंकर, सूरज बाई बंजारे, हेमंत सागरवंशी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



## रथ यात्रा से पहले सत्यनारायण की कथा

**मुंडा|** छत्तीसगढ़ में पारंपरिक रूप से मनाए जाने वाली रथ यात्रा का त्यौहार 27 जून शुक्रवार को मनाया जाएगा। शास्त्र के अनुसार रथ यात्रा से देव उठनी एकादशी तक भगवान जगन्नाथ व लक्ष्मी नारायण सेष सैया पर विराजमान हो जाते हैं। इसी दिन से मांगलिक शुभ कार्य नहीं किया जाता। इस वजह से रथ यात्रा के पहले श्रद्धालु अपने-अपने घर में सत्यनारायण व्रत की कथा करवा रहे हैं। इस उपलक्ष में रवि नारायण वर्मा के यहां आचार्य लवन वाले पूनम शर्मा द्वारा सत्यनारायण व्रत का कथा सुनायी गयी, जिसमें सम्मिलित मनहरण शर्मा, तेजू वर्मा, महावीर वर्मा, टिकेश वर्मा, सूमेर वर्मा, हरिओम वर्मा, तुलाराम वर्मा, चक्र सुदर्शन वर्मा, पप्पू वर्मा, पूनजय वर्मा, कुंदेश्वरी वर्मा, सरोजिनी वर्मा, सेल बाई वर्मा, जानवी वर्मा सहित ग्रामवासी सम्मिलित हुए।



## बलौदाबाजार और पलारी विकासखंड स्थित दुकानों की जांच की गई

# जांच में मिली अनियमितता, 5 कृषि केंद्र को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में संचालित कृषि आदान विक्रय केंद्रों का लगातार जांच जारी है। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक के नेतृत्व में निरीक्षकों द्वारा प्रत्येक विकासखण्ड में संचालित विक्रय केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर अनियमितता पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 5 कृषि केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

जानकारी के अनुसार पलारी विकासखंड के ग्राम भवानीपुर में संचालित पटेल कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में निर्धारित प्रपत्र स्कंध पंजी का ▶▶ शेष पेज 13 पर





### कीटनाशक स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं थी

ग्राम वटगन के चंद्राकर कृषि केंद्र एवं अमेरा के शिवराम कृषि केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। इसी तरह बलौदाबाजार विकासखंड के निरीक्षक लोकनाथ दिवान एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी जयइंद्र कंवर द्वारा अंगार मोती कृषि केंद्र, सोनपुरी का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण में बीज स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित एवं स्कंध पंजी संधारित नहीं थी, कीटनाशक का भी स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं की गई थी। ग्राम लटूआ के दीपक कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया, जहां उर्वरक का उपलब्ध स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं थी। स्कंध पंजी संधारित नहीं की गई थी। उपलब्ध कीटनाशक स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं थी तथा विक्रय केंद्र में कालातीत कीटनाशक दवाइयों का नियमानुसार रख रखाव नहीं किया गया था।

### मेलाराम कृषि केंद्र में खाद-बीज बिक्री पर 21 दिनों का प्रतिबंध

**गिरसानाला।** जिले में किसानों को गुणवत्ता युक्त खाद, बीज, कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर के आदेशानुसार उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा दोमुहानी, पवनी में उपस्थित मेसर्स मेलाराम कृषि केंद्र, साहू खाद भण्डार के विक्रय संस्थान का औचक निरीक्षण किया गया। विक्रय स्थल पर पीओएस स्टॉक और भौतिक स्टॉक में अंतर, स्टॉक एफसीओ 1985 के नियमों का पालन नहीं करना पाया गया, जिसके लिए मेसर्स मेलाराम कृषि केंद्र दुमहानी को निहित प्रावधानों के तहत नोटिस दिया गया तथा 21 दिन के लिए विक्रय प्रतिबंध किया गया है। साहू खाद भंडार पवनी को नोटिस दिया गया और खाद का सैंपल लिया गया। उक्त उर्वरक निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, प्रवीण कुमार पटेल ग्रा.कृ.विस्तार अधिकारी, एसडीओपी कृष्णा साहू, शाखा प्रभारी प्रकाश थवाईत उपस्थित रहे।



# जमगहन पंचायत में किया गया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

आदर्श ग्राम पंचायत जमगहन में सरपंच व सरपंच प्रतिनिधि के साथ पंच और स्कूल स्टाफ ने स्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया। जमगहन सरपंच ने कहा कि हम सभी को एक-एक पेड़ लगाना चाहिए और पेड़ लगा कर उसकी रक्षा करनी चाहिए। साथ ही साथ गर्मी के दिन में जो आप पेड़ लगाये हैं वो आपको छाव देगा और पर्यावरण के लिए भी अच्छा रहेगा, इसलिए आप सभी नागरिक एक पेड़ जरूर लगाये।

खबर संक्षेप



## विश्व विटिलिगो दिवस पर निशुल्क दवा वितरण

**रायपुर।** विश्व विटिलिगो (सफेद दाग) दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला चिकित्सालय के चर्म रोग विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विटिलिगो मरीजों को निः शुल्क दवाइयाँ बाँटी गईं एवं अस्पताल के ओपीडी में पहुँचे सभी मरीज़ों में इस बीमारी के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. अदिति सिंह ने बताया कि इस बीमारी का इलाज दवाईयों, फोटो थेरेपी, सर्जरी, लेज़र इत्यादि द्वारा पूर्णतः संभव है। इससे पीड़ित लोगों से भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी एवं सिविल सर्जन डॉ. एसके भंडारी भी मौजूद थे।

## उप अभियंताओं को निविदा प्रक्रिया की दी जानकारी

**रायपुर ।** नगर निगम अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर ने बुधवार को महात्मा गाँधी सदन के सामान्य सभा सभागार में कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा जूनियर,सहित सहायक अभियंता शैलेन्द्र पटेल, उप अभियंता अर्जिता दीवान की उपस्थिति में निगम के 35 नए उप अभियंताओं को मैजरमेंट बुक रिकार्ड, निविदा प्रक्रिया एवं गुड कंस्ट्रक्शन प्रेक्टिसेज पर कार्यशाला में तकनीकी गुर सिखलाये।

## जनकल्याण कार्यालय के लिए जमीन की मांग सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** जन कल्याण कार्यालय के लिए सरकारी जमीन उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ऑल ड्रायवर कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने विगत दिनों जिला आयुक्त और जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया है। इस मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष मोबिन अंसारी ने बताया कि, ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के संपूर्ण भारत में 24 करोड़ गाड़ी चालकों के लिए जन जागरूकता, जन कल्याण के लिए कार्यक्रम करता रहता है। इसके अलावा ड्राइवर्स को ट्रैफिक नियम, ब्लड डोनेशन एवं मेडिकल जांच आदि कार्यक्रम प्रशासन और मेडिकल विभाग के सहयोग से भी करते है। इसके लिए राज्य सरकार या जिला प्रशासन अपने संज्ञान में आसान प्रक्रिया पर जमीन उपलब्ध कराया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में डोमर निषाद, परमेश्वर, सुरेंद्र प्रसाद, ओम प्रकाश, बाबा खान, चेतन सिंह ठाकुर, संतराम देवांगन आदि शामिल थे।

## युक्ति युक्तकरण में अनियमितता की शिकायत



**रायपुर ।** शिक्षक साझा मंच के संचालक मंडल ने बुधवार को शिक्षा सचिव व डीपीआई से मुलाकात कर युक्ति युक्तकरण में अनियितता की शिकायत को लेकर ज्ञापन सौंपा तथा युक्ति युक्तकरण में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों को चिन्हांकित कर त्रुटि में सुधार करने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर शिक्षक साझा मंच के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। प्रदेशभर में शिक्षकों के युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया में विसंगतियों की ओर विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराने शिक्षा साझा मंच के प्रदेश संचालक मनीष मिश्रा, वीरेंद्र दुबे, केदार जैन, संजय शर्मा, विकास राजपूत, जाकेश साहू, शंकर साहू, धरम दास बंजारे ने शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी और संचालक ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात की। इस दौरान बिंदुवार आपत्तियों का जिक्र करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। इसमें यह कहा गया कि रायपुर जिले के किसी भी विकासखंड व जिले में शिक्षकों के किसी भी पद की अतिशेष सूची का प्रकाशन ही नहीं किया गया, जिसके कारण अतिशेष चिन्हांकित शिक्षकों के विषय में विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की शुद्धता का परीक्षण नहीं किया जा सका। ऐसी स्थिति राज्य के अन्य जिलों में भी है।

# सफाई में टॉप शहर के स्वच्छता मॉडल को समझने व जानने का मिला मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप सहित अन्य निगम अफसरों ने इंदौर भ्रमण किया। वहां वे सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध का सख्ती से क्रियान्वयन और कठोर जुर्माने की व्यवस्था देखकर प्रभावित हुईं और इस व्यवस्था की महापौर ने खुलकर तारीफ की। इसके साथ ही कूड़ा अलग-अलग करने के लिए अपनाये जाने वाले स्वच्छता मॉडल की खूबियों से भी अवगत हुईं। वहां की स्वच्छता दीदियों और आम नागरिकों से संवाद कर सालिड वेस्ट प्रबंधन में जनभागीदारी को समझा।

खास खबर

### महापौर ने डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन प्रणाली भी देखी

महापौर और निगम कमिश्नर ने आईसीटी बेस्ड मानिटरिंग और स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से किए जाने वाले इंदौर शहर की डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन प्रणाली भी देखी। कचरा अलग करने के लिए अपनाये जाने वाले स्वच्छता मॉडल के अलावा शिकायत निवारण एप, जीपीएस-ट्रैक्ड कचरा गाड़ी और वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन तथा जोन आधारित घर-घर कचरा संग्रहण प्रणाली का भी निरीक्षण किया। प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महापौर मीनल चौबे ने स्वच्छता मित्रों और वहां के आम नागरिकों से भी संवाद कर सालिड वेस्ट मैनेजमेंट में जनभागीदारी को समझा।





■ महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप ने निगम अफसरों के साथ किया इंदौर भ्रमण

दरअसल, देशभर के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में धाक जमाने वाले इंदौर शहर का स्वच्छता मॉडल प्रदेश के 14 नगर निगमों के महापौर, आयुक्त और संबंधित अधिकारी के लिए जिज्ञाशा का विषय बना है। ऐसे में छत्तीसगढ़ की संपूर्ण स्वच्छता मुहिम को बल देने राज्य शहरी विकास अभिकरण ने इंदौर निगम में प्रशिक्षण-सह कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप एवं संबंधित अधिकारी शामिल हुए। महापौर मीनल चौबे ने बताया कि इंदौर जाकर हमने वहां बहुत कुछ समझा और सीखा है। इंदौर में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर पूरी तरह मनाही है। इस बात का वहां सख्ती से क्रियान्वयन किया जा रहा है, साथ ही कठोर जुर्माना की व्यवस्था है। यह एक अच्छी बात है।

इस दौरे में रायपुर नगर निगम के अधीक्षण अभियंता यूके धलेंद्र, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट एक्सपर्ट प्रमित चोपड़ा भी शामिल हुए। साथ ही बिरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन और युगल किशोर उर्वशा ने इंदौर के महापौर से भेंट कर जनसहभागिता आधारित स्वच्छता मॉडल पर चर्चा की।

### शिकायत निवारण एप के बारे में ली जानकारी

इंदौर शहर के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर जाकर वहां की कार्यप्रणाली को भी समझा। साथ ही 311 शिकायत निवारण एप के बारे में संबंधित अधिकारी-कर्मचारी से जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने निगम आयुक्त विश्वदीप के साथ वहां ट्रांसफर स्टेशन, आरआरआर सेंटर, बायोगैस प्लांट और मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी का दौरा कर विकेंद्रित और कुशल अपशिष्ट प्रबंध प्रणाली को समझा। साथ ही इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव से भेंटकर स्वच्छता में जन सहभागिता और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका के बारे में जानकारी ली। ग्रीन बांड एवं यूजर चार्ज जैसे शहरी वित्त के नए मॉडल पर चर्चा की। महापौर मीनल चौबे ने इंदौर शहर के जीरो वेस्ट वार्ड और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा तरल अपशिष्ट के प्रसंस्करण और पुनः उपयोग की प्रक्रिया को विस्तार से समझा।

## ट्रैक्टर के डबल केज व्हील से पक्की सड़कें हो रहीं बरबाद



■ प्रतिबंध लगाने की मांग, प्रशासन के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मानसून शुरू होने के साथ किसानों ने खेती की तैयारी शुरू कर दी है। छत्तीसगढ़ में धान की बुआई के लिए खेतों में भरे पानी को मथने के लिए ट्रैक्टर के दोनों बड़े पहिए को निकालकर उसके स्थान पर लोहे से बने केज व्हील लगाए जाते हैं। 40 इंच के केज व्हील ट्रैक्टर में लगाकर खेतों में उपयोग करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के डामर वाली सड़कों में तेज रफ्तार से चलने वाली केज व्हील से सड़क में 20 एमएम का डामर कट जाता है, इससे गड्ढा होने के कारण सड़कें खराब हो जाती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इसके कारण डामर रोड के अलावा कंक्रीट रोड में भी कटाव हो जाता है। सारंगढ़ जिले में कुछ क्षेत्रों में केज व्हील पर कार्रवाई की गई है।

बताया गया है कि छत्तीसगढ़ के महासमुंद, रायपुर, बलौदाबाजार, सारंगढ़, रायगढ़, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बिलासपुर, गरियाबंद जिलों में केज व्हील से चलने वाले ट्रैक्टर देखे जा सकते हैं। यहां के किसान खरीफ सीजन में धान के खेतों में मिट्टी को मथाने के बाद थरहा लगाने का काम करते हैं। खेतों तक पहुंचने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के डामर और कंक्रीट सड़कों का इस्तेमाल किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में मई में भाजपा सरकार ने अधिकतर क्षेत्रों में सड़क निर्माण कराया था। ग्रामीण क्षेत्रों में इसके कारण अधिकतर नई सड़कें खराब हो रही हैं।

### कहीं धरना प्रदर्शन-कहीं निकाली मशाल रैली

# प्रस्तावित नई शराब दुकान के विरोध में उतरे ग्रामीण, प्रदर्शन भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रस्तावित नई शराब दुकानों का विरोध शुरू हो गया है। इसके तहत बुधवार को ग्राम पंचायत खौली में धरना-प्रदर्शन किया गया, जिसमें सरपंच सहित पंचायत के अन्य सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वहीं ग्राम दोंदेखुर्द के ग्रामीणों ने मशाल रैली निकालकर प्रस्तावित शराब दुकान खोले जाने के आदेश को निरस्त किए जाने की मांग की है।

हरिभूमि सरोकार

आबकारी विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए सात नई शराब दुकान खोलने के लिए टेंडर जारी किया है। ये दुकानें ग्राम भैंसा, समोदा, टेमरी, खौली, पलोद, दोंदेखुर्द एवं नया रायपुर जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में खोली जानी है, लेकिन कई ग्रामों में इन शराब दुकानों का विरोध किया जा रहा है, जिनमें ग्राम पंचायत खौली और दोदेंखुर्द में सबसे ज्यादा विरोध है। ग्राम खौली में सरपंच राजेंद्र टंडन के नेतृत्व में शराब दुकान का ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। इसके लिए गांव में धरना-प्रदर्शन किया गया, जिसमें जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर सहित ग्राम पंचायत के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्राम खौली में इससे पहले भी शराब दुकान के विरोध में सरपंच सहित ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। यहां के सरपंच राजेंद्र टंडन ने क्षेत्र के तहसीलदार एवं थाना प्रभारी पर पूर्व में आरोप भी लगा चुके हैं, वे दोनों तहसील कार्यालय में जबरदस्ती बैठा कर सत्ता की ओर से दबाव बनाकर शराब दुकान खोलने के सहमति पत्र में हस्ताक्षर कराया था।



### आदेश निरस्त नहीं होने तक बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे पालक

ग्राम खौली के शासकीय स्कूल परिसर में धरना-प्रदर्शन में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के पालक भी शामिल हुए। इस दौरान सभी पालकों ने स्कूल के प्राचार्य को पत्र लिखे हैं, जिसमें शराब दुकान खोलने के आदेश को निरस्त नहीं किए जाने तक अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजने की बात लिखी है।

### दोंदेखुर्द में महिलाओं ने निकाली मशाल रैली

ग्राम दोंदेखुर्द में भी नई शराब दुकान खुलेगी। सूत्रों के अनुसार इस गांव के सरपंच अशोक साहू ने शराब दुकान खोलने की सहमति दे दी है, जिसके बाद विभाग ने दुकान खोलने के लिए टेंडर जारी किया है। इधर दूसरी ओर गांव के लोग इस दुकान के विरोध में हैं। गांव की बड़ी संख्या में महिलाओं ने दुकान के विरोध में मशाल रैली निकाली। इस रैली में गांव के पुरूषों के अलावा आसपास के गांव के लोग भी शामिल होने पहुंचे थे।

### ग्रामीणों ने कहा- बच्चों का भविष्य खराब होगा

शराब दुकान खुलने का विरोध कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि शराब दुकान खुलने से न केवल गांव में सामाजिक वातावरण खराब होगा, बल्कि बच्चों पर भी इसका बुरा असर पड़ेगा, जिससे उनका भविष्य भी खराब होगा।

प्लेसमेंट एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड करने की मांग

## बगैर होलोग्राम-मिलावटी शराब मामले में मुख्यमंत्री को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ उच्च स्तरीय विभागीय जांच की भी मांग

राजधानी रायपुर के लालपुर शासकीय शराब दुकान में बगैर होलोग्राम और मिलावटी शराब बेचे जाने के मामले में प्लेसमेंट एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई कर उसे ब्लैक लिस्टेड करने की मांग की गई है। जिला पंचायत रायपुर के उपाध्यक्ष संदीप यदु ने इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने लालपुर के साथ जिले में अन्य कई शराब दुकानों में भी बगैर होलोग्राम और मिलावटी शराब की बिक्री होने की संभावना जताते हुए सभी दुकानों में उच्च स्तरीय विभागीय जांच कराए जाने की मांग की है।

### कलेक्टर के माध्यम से सौंपा ज्ञापन

जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में उन्होंने राजधानी रायपुर के लालपुर कंपोजिट शराब दुकान में मिली बगैर होलोग्राम एवं मिलावटी शराब की बिक्री पर चिंता जताते हुए कहा है कि इससे शासन की छवि भी धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सिर्फ उस क्षेत्र के जिला सहायक आबकारी अधिकारी को निलंबित किया गया हैं, जबकि इस मामले में उच्च स्तरीय विभागीय जांच होनी चाहिए, क्योंकि इसमें अन्य कई अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में प्लेसमेंट एजेंसी की भी संलिप्ता है, इसलिए उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उसका लाइसेंस निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि राज्य एवं संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने लालपुर शराब दुकान में छापा मारकर यहां से बगैर होलोग्राम की 34 पेटी गोवा स्पेशल व्हिस्की तथा 265 पेटी मिलावटी शराब बरामद की थी। इसके अलावा दुकान में शराब बिक्री की राशि में से 12 लाख 10 हजार 480 रुपए गायब मिले थे। विभाग ने इस मामले को गंभीर श्रेणी की अनियमितता मानते हुए इस क्षेत्र के सहायक जिला अधिकारी राजेंद्रनाथ तिवारी को घोर लापरवाही बरतने पर निलंबित करने की कार्रवाई की है।

# भीड़ वाली तंग गलियों में अब ई-रिक्शा से ट्रैफिक पेट्रोलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के भीड़ भरे बाजार में ट्रैफिक कंट्रोल करने ट्रैफिक पुलिस अब ई-रिक्शा से पेट्रोलिंग करेगी। ट्रैफिक पुलिस की ई-पेट्रोलिंग को बुधवार को कलेक्टर तथा एसएसपी ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर तथा एसएसपी ने कलेक्टोरेट परिसर में पेट्रोलिंग ई-रिक्शा चलाते हुए लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने का संदेश दिया।

■ ई-रिक्शा में दो ट्रैफिक जवानों की लगाई जाएगी ड्यूटी

ई-रिक्शा से पेट्रोलिंग करने ट्रैफिक पुलिस को जीके इलेक्ट्रिक ने गिफ्ट के रूप में एक ई-रिक्शा दिया है। ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के अनुसार पेट्रोलिंग के लिए मिले ई-रिक्शा से शहर के भीड़ वाले इलाके जहां चारपहिया पेट्रोलिंग गाड़ियां नहीं पहुंच पातीं, ऐसी जगहों में पेट्रोलिंग ई-रिक्शा के माध्यम से ट्रैफिक कंट्रोल किया जाएगा।



### कम लागत में ज्यादा काम

ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के अनुसार भीड़ वाले ऐसे बाजार जहां चारपहिया से जाना संभव नहीं होता, वहां ट्रैफिक पुलिस पैदल गस्त कर या बाइक से पेट्रोलिंग कर ट्रैफिक व्यवस्था ठीक कराने का काम करती है। ई-रिक्शा से पेट्रोलिंग करने में ट्रैफिक पुलिस पर डीजल के साथ पेट्रोल का अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। साथ ही आसानी से ट्रैफिक जाम वाली जगहों पर यातायात पुलिस पहुंच कर ट्रैफिक कंट्रोल करने का काम करेगी।

### ई-पेट्रोलिंग में दो आरक्षकों की तैनाती

पेट्रोलिंग ई-रिक्शा में दो आरक्षकों की तैनाती की जाएगी। एक आरक्षक ई-रिक्शा चलाएगा, दूसरा आरक्षक लोगों को अपने वाहन व्यवस्थित पार्क करने अनाउंस करने के साथ ही नो पार्किंग में वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। इसके साथ ही लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने ट्रैफिक नियमों की जानकारी देगा।

पेट्रोलिंग ई-रिक्शा के माध्यम से स्कूल, कालेज जाकर स्कूली छात्रों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

ई-रिक्शा के चारों तरफ यातायात से संबंधित जानकारी देने रिक्शा के चारों तरफ स्टीकर लगाया गया है।

## धोबी समाज के परिचय सम्मेलन में 7 युवक और 23 युवतियों ने दिया परिचय, रिश्ते हुए तय




**रायपुर।** ग्राम पिरीद में धोबी समाज के विवाह योग्य युवक-युवती का परिचय सम्मेलन और महिला सम्मेलन का कार्यक्रम किया गया। इस परिचय सम्मेलन में 7 युवकों और 23 युवतियों ने अपना परिचय दिया, जिसमें देर रात तक अनेक रिश्तों की तय हो जाने की जानकारी मिली। इस अवसर पर समाज के बालक-बालिकाओं ने भी शानदार प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में समाज के प्रदेशाध्यक्ष सूरज निर्मलकर राजधानी से अनेक जिलों के पदाधिकारी को साथ लेकर पहुंचे। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष ने समाज के नवनियुक्त पदाधिकारी को सामाजिक न्याय में पद और निष्पक्षता से न्याय करने की शपथ दिलाई और स्पष्ट शब्दों में कहा, कि गरीब हो या अमीर पदाधिकारी हो या बाहुबली जो समाज के नियम को तोड़ेंगे उनको समाज के नियम का पालन करना पड़ेगा। सम्मेलन में पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने समाज के भवन बनवाने और समाज को राजनीति में प्रतिनिधित्व दिलाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में वरुण निर्मलकर, गोपाल निर्मलकर, नकुल निर्मलकर, जगजीवन निर्मलकर, भोजराम करसेल, अम्बे बाघमार, भोजराम निर्मलकर, टेकराम निर्मलकर, चैतराम निर्मलकर, धनेश्वर निर्मलकर, गौतम रजक, अश्विनी निर्मलकर, बेदीराम निर्मलकर, लखन लाल रजक, संजारीराज के अध्यक्ष सरपंच तारन रजक, बजरंगी छाटा गुंडरदेही, देमेद्र निर्मलकर अर्जुंदा, शुभम निर्मलकर बालोद आदि शामिल थे।

# चाकू की नोक पर लूट, पुलिस ने किया तीन बदमाश गिरफ्तार



■ शराब पीने पैसों के लालच में युवक की चांदी की ब्रेसलेट, सोने की बाली लूटने के साथ पैसा ट्रांसफर कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने चार दिन पूर्व चाकू की नोक पर जान से मारने की धमकी देकर लूट के आरोप में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

बदमाशों ने युवक के कान में पहनी सोने की बाली, चांदी की ब्रेसलेट लूटने के साथ यूपीआई के माध्यम से जबरन 10 हजार रुपए ट्रांसफर कराए थे। साथ ही घटना की जानकारी पुलिस को देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने कार्रवाई युवक के पिता की शिकायत पर की है। लूट के आरोप में पुलिस ने ईदगाह भाठा निवासी शेख शाहरुख, शेख अजहर उर्फ अज्जू तथा न्यू चंगोराभाठा निवासी पंकज आसावनी को गिरफ्तार किया है। लूट के आरोप में पकड़े गए सभी बदमाश आदतन बदमाश हैं। दुर्गेश निषाद ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि रविवार दोपहर वह अपने दोस्त के साथ दंतेश्वरी मंदिर के पास खड़ा था। इस दौरान शाहरुख और उसके साथी दुर्गेश के पास पहुंचे और उसे बात करने का झांसा देकर अपने साथ महाराजबंध तालाब के पास ले गए। तालाब किनारे शाहरुख ने जेब से चाकू निकालकर दुर्गेश को धमकाते हुए पैसे देने की मांग की। भागने की कोशिश करने पर एक बदमाश ने दुर्गेश के हाथ को पीछे से पकड़ लिया एक अन्य बदमाश ने जबरन दुर्गेश के कान की बाली, ब्रेसलेट लूटकर उसके मोबाइल से अपने अपने मोबाइल के फोन-पे के स्कैनर में स्कैन कर 10 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिया।

### सफाई कर्मचारियों की कराएं गिनती, कचरा गाड़ियों की हो मानिटरिंग

# निगम आयुक्त ने जोन कमिश्नर अधिकारियों को दी हिदायत, सफाई देखने सुबह फील्ड पर निकलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निगम आयुक्त विश्वदीप ने बुधवार को महात्मा गांधी सदन के डाटा सेंटर में नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली। आयुक्त ने कहा कि शहर की सफाई सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 26 जून से सुबह 6:30 बजे से वे सफाई के निरीक्षण पर निकलें। सभी अधिकारी वार्डों में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच करने उनकी गिनती करवायें और सभी ट्रांसफर स्टेशन का प्रतिदिन निरीक्षण करें। ट्रांसफर स्टेशन में आने वाली गाड़ियों की मानिटरिंग करेंगे। विशेषकर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में लगी गाड़ियों की मानिटरिंग करेंगे। सभी ट्रांसफर स्टेशनों में प्रभारी अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश निगम आयुक्त ने दिए।



निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई कार्य और नगर निवेश के कार्यों में कितना चालान किया गया है, प्रतिदिन उसकी रिपोर्ट बनाकर दें। शहर में कभी भी मुक्कड़ नहीं मिलना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग और नगर निवेश के अधिकारियों को प्रतिदिन डेशबोर्ड में करवाये कार्य की एंट्री करवाने के निर्देश प्रतिदिन की कार्यवाही के संबंध में दिए हैं। निगम आयुक्त विश्वदीप ने बैठक में अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि जीई रोड में विज्ञापन, होर्डिंग्स नहीं लगने दिया जाए। एसओएस के उल्लंघन पर प्रतिदिन प्रकरण तैयार करने के लिए कहा है। शहर के वाणिज्यिक क्षेत्रों में वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही निदान 1100 और कलेक्टर कॉल सेंटर का समुचित प्रचार-प्रसार करने निर्देशित किया है, ताकि समय रहते आम जनता की शिकायतों का निराकरण किया जा सके।

## रविवि के नाम सौंपते ही 20 मिनट में तैयार की सूची, एक दिन पहले ही मेरिट लिस्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध शासकीय व निजी महाविद्यालयों ने एक दिन पहले ही मेरिट लिस्ट जारी कर दी। तय शेड्यूल के अनुसार, रविवि ने बुधवार को महाविद्यालयों को उन छात्रों की सूची सौंपी, जिन्होंने संबंधित महाविद्यालय का चुनाव किया था। छात्रों की इस सूची के आधार पर महाविद्यालयों द्वारा गुरुवार को मेरिट लिस्ट जारी की जानी थी। रविवि ने दोपहर 12 बजे अधिकतर महाविद्यालयों को सूची सौंप दी थी। इसके बाद एक घंटे के अंतराल में ही सूची तैयार कर दी गई। महंत कॉलेज सहित कई महाविद्यालय ऐसे भी रहे, जिन्होंने 20 मिनट में ही मेरिट लिस्ट तैयार करके सूची अपलोड कर दी। शहर के बड़े महाविद्यालयों के साथ अन्य जिलों के कॉलेजों ने भी एक-दो बजे तक मेरिट लिस्ट जारी कर दी थी। कई छात्र बुधवार को ही प्रवेश लेने पहुंच गए। छात्रों में परंपरागत पाठ्यक्रम जैसे-बीए, बीकॉम का क्रेज अब भी बरकरार है। महाविद्यालयों को सर्वाधिक आवेदन इन पाठ्यक्रम के लिए ही मिले हैं।

### दुर्गा कॉलेज : बीकॉम की 860 सीटें, फिर भी अंतिम प्रवेश 78% पर

कॉमर्स की पढ़ाई के लिए छात्रों की पहली पसंद दुर्गा महाविद्यालय ही होती है। इस बार भी यह ट्रेंड देखने को मिला। दुर्गा महाविद्यालय में कॉमर्स की 860 सीटें हैं, लेकिन जिस अंतिम छात्र का नाम मेरिट लिस्ट में रहा, उसके प्राप्तांक 78.08% रहे। इसके अलावा बीए का कटऑफ 72.08%, बीबीए का कटऑफ 87.02% तथा बीसीए का कटऑफ 81.06% रहा। यहां बीए की 500, बीबीए की 40 तथा बीसीए की 30 सीटें हैं।

# प्रोबेशन पूरा होने के 10 साल बाद भी नियमित नहीं, हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरकार को जारी करना पड़ा आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के उच्च शिक्षा विभाग में 2013 में नियुक्त हुए प्रयोगशाला तकनीशियनों की प्रोबेशन की अवधि पूरी होने बाद अब 9 साल बाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद नियमित नियुक्ति का आदेश सरकार ने जारी किया है। खास बात ये है कि प्रोबेशन अवधि तीन साल की होती है। इसके बाद कर्मी को अगर उसका काम सही हो तो नियमित नियुक्ति देने का प्रावधान है, लेकिन यही गड़बड़ी अनुकंपा नियुक्ति, राजस्व, शिक्षा व जल संसाधन विभाग में भी होने की जानकारी मिली है।

## ये है मामला

राज्य के उच्च शिक्षा विभाग ने वर्ष 2013 में प्रयोगशाला तकनीशियन के पद पर 58 लोगों की नियुक्ति 2 साल की परिवीक्षा अवधि तक के लिए की थी। लेकिन बाद में इसे सरकार ने 3 साल तक के लिए कर दिया था। यह अवधि पूरी होने के बाद कर्मियों को एक सामान्य प्रक्रिया के तहत नियमित करके सभी शासकीय सुविधाएं उपलब्ध कराना था। लेकिन विभाग ने यह काम 2025 तक नहीं किया था। इस मामले को लेकर कर्मियों ने बरसों तक आंदोलन किया, लेकिन सरकार ने एक न सुनी। बाद में यही लोग जब हाईकोर्ट गए तो वहां से उनके पक्ष में आदेश आया और अब उच्च शिक्षा विभाग को हाईकोर्ट के आदेश के पालन में नियमित नियुक्ति का आदेश जारी करना पड़ा।




उच्च शिक्षा विभाग ने बरसों बाद किया 58 को नियमित

लंबे समय तक आंदोलन, अब कोर्ट से पूरी हुई मांग

## करना पड़ा लंबा आंदोलन

प्रयोगशाला तकनीशियन संघ के मुख्य संरक्षक विजय कुमार झा एवं संरक्षक सीरियल दुबे ने बताया है कि बूढ़ा तालाब धरना स्थल से लेकर तूता धरना स्थल तक परिवीक्षा समाप्त करने के लिए लंबे आंदोलन किए गए थे। राज्य शासन के आदेशानुसार किसी भी पद पर नियुक्ति के लिए परिवीक्षा अवधि 2 वर्ष है। बाद में सामान्य प्रशासन विभाग में इसकी अवधि बढ़ाकर 3 वर्ष कर दी थी। लेकिन अनेक संवर्ग के कर्मचारी प्रशिक्षण अवधि समाप्त करने के लिए संघर्षरत हैं। 7 वर्ष, 8 वर्ष 10 वर्ष में भी परिवीक्षा अवधि समाप्त नहीं होता है। इसके कारण वेतन वृद्धि, पदोन्नति आदि में विपरीत प्रभाव पड़ता है। तकनीशियनों की परिवीक्षा अवधि समाप्त किए जाने का मुख्य संरक्षक विजय कुमार झा, संरक्षक सी एल दुबे, उमेश मुदलियार,पीतांबर पटेल, सुनील तिवारी,अनिल राजपूत आदि ने स्वागत करते हुए आंदोलन के दौरान तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर लोकसभा के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप



### अब निजी अस्पताल स्थापित करने पर 140 करोड़ तक का अनुदान देगी साय सरकार

**रायपुर।** प्रदेश की नई औद्योगिक नीति में प्रदेश के साय सरकार ने मेडिकल सेक्टर को बहुत बड़ी सौगात दी है। अब न्यूनतम 50 बेड वाले सभी प्रकार के एलोपैथिक, आयुष, नेचुरोपैथी अथवा एकीकृत हॉस्पिटल के स्थापना पर अधिकतम 140 करोड रुपए तक अनुदान देने जा रही है। प्रदेश सरकार की घोषणा के बाद मेडिकल जगत में उत्साह का वातावरण है। बुधवार को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन से उनके निवास कार्यालय में आईएमए और चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर प्रदेश सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए आभार जताया। मुलाकात करने वालों में प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ विमल चोपड़ा, डॉ अखिलेश दुबे, डॉ किशोर सिंह, आईएमए के सचिव डॉ संजीव श्रीवास्तव, डॉ सुनील गोस्वामी, डॉ सुरेश वर्मा, डॉ मनोज अग्रवाल समेत अन्य चिकित्सकों शामिल थे।

### अब 30 तक हो सकेंगे तबादले

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अब 30 जून तक तबादले हो सकेंगे। सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इससे पहले सरकार ने नई तबादला नीति जारी करते हुए 14 से 25 जून तक स्थानांतरण पर प्रतिबंध को शिथिल किया था। अब इसे 30 जून तक आगे बढ़ाया गया है। जिला स्तर, शासन स्तर पर जारी स्थानांतरण आदेश तथा क्रियान्वयन की स्थिति को 30 जून तक संबंधित जिला या विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। स्थानांतरण नीति की शेष शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### डीएपी खाद नहीं मिलने से नाराज किसान और कांग्रेसियों ने जताया आक्रोश

**रायपुर।** सरकारी गोदाम में पिछले एक माह से डीएपी खाद नहीं है, सैकड़ों किसान रोजाना गोदाम तक आते हैं, लेकिन खाली हाथ लौट रहे हैं, खाद नहीं मिलने से धान की रोपाई प्रभावित हो रही है। डीएपी खाद मांग को लेकर नाराज किसान और जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को जिला रायपुर के अभनपुर, धरसींवा के विभिन्न समितियों में प्रदर्शन कर तालाबंदी करके किसानों के साथ कांग्रेसजन आक्रोश प्रकट किया गया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान शाखा प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया है और मांग किए है कि 24 घंटे में खाद नहीं आने पर पूर्ण तालाबंदी करने के लिए विवश होगें। शाखा प्रबंधक द्वारा आश्वाशन दिया गया है कि ट्रांसपोर्टर को तुरंत बोलकर डीएपी खाद उपलब्ध कराए जाएंगे, किसानों एवं कांग्रेसजनों द्वारा शाखा प्रबंधक के आश्वाशन पर धरना समाप्त किया। यही हाल पूरे जिले की है। अभनपुर में पिपरौद, माणिकचौरी, ढोढरा, सोनेसिलि सहकारी समितियों में प्रदर्शन किया गया, समितियों में किसानों को खाद दो, किसानों को परेशान करना बंद करो, खाद की कालाबाजारी बंद करो के नारे लगाते रहे।

पेज 11 का शेष

### जांच में मिली ...

संधारण नहीं पाया गया। सभी कृषि के विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है तथा कृषि आदान विक्रय केंद्रों को किसी भी परिस्थिति में अनियमितता न बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

## मंदिर का है अद्भुत इतिहास, 122 वर्ष प्राचीन परंपरा का हो रहा निर्वहन

# लटूरिया मंदिर से आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर को धर्म आयोजनों के चलते धर्मनगरी के नाम से जाना जाता है, क्योंकि यहां लगभग जितने भी धर्म आयोजन हैं, जिसमें भाटापारा की रामलीला का आयोजन 106 वर्ष प्राचीन हो चुका है, अखंड रामनाम सप्ताह का आयोजन लगभग 90 वर्ष से चला आ रहा है। उसी कड़ी में इससे भी प्राचीनतम एक आयोजन है, वह है भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा लगभग पिछले 122 वर्षों से अनवरत निकली जा रही है। भाटापारा के राम सप्ताह चौक के पास में स्थित जगन्नाथ मंदिर, जहां भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र महाराज और सुभद्रा देवी की मूर्ति स्थापित मंदिर है, इस मंदिर को लटूरिया मंदिर के नाम से भी जाना जाता है, जहां प्रतिवर्ष आषाढ़ मास के द्वितीया के दिन रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है, इसमें भाटापारा के निवासियों के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों लोग भी रथ यात्रा में शामिल होते हैं और बड़ी ही धूमधाम से रथ यात्रा लटूरिया मंदिर से निकलकर भाटापारा के बहुत सारे प्रमुख चौक चौराहों से होते हुए 10 से 15 किलोमीटर की यात्रा करते हुए वापस लटूरिया मंदिर में भगवान की स्थापना होती है। कहा जाता है इस दिन रथ यात्रा के माध्यम से भगवान जगन्नाथ सभी भक्तों के घर में पहुंचकर दर्शन देते हैं, जिसका आयोजन इस वर्ष 27 जून दिन शुक्रवार को होगा। यहां दोपहर 12 बजे भगवान की महाआरती और गजामूंग व महाप्रसाद का भोग लगाने के पश्चात दोपहर 1 से रथ यात्रा निकाली जाएगी।

- मंदिर का प्रसाद श्रद्धालुओं के लिए कभी कम नहीं पड़ता

## पुरी धाम की चंदन काठ से बनी मूर्तिया है मंदिर में स्थापित





### इस मंदिर की अद्भुत प्रचलित है कहानियां

भाटापारा के लटूरिया मंदिर जो की जगन्नाथ भगवान का एक मात्र मंदिर है। वहां के वर्तमान पुजारी जगदीश वैष्णव हैं, जो की चौथी पीढ़ी के हैं। बताया जाता है कि प्राचीनतम समय 122 वर्ष से भी पहले लटूरिया महाराज द्वारा इस मंदिर की स्थापना की गई थी। इस मंदिर में जो भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा देवी की जो मूर्ति है वह चंदन काठ की लकड़ी से निर्माणित है, जिसे लटूरिया दास महाराज ने भाटापारा से लगभग 610 किलोमीटर की दूरी पर स्थित उड़ीसा राज्य के पूरी जहां भगवान जगन्नाथ का मंदिर है जो चारों धाम में से एक धाम है, वहां से लाया गया है। लटूरिया दास महाराज द्वारा भाटापारा से पैदल उड़ीसा राज्य के पूरी पहुंचे और वहां से अपने मित्र मंडली के साथ भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा देवी एवं बलभद्रजी महाराज की मूर्ति को लेकर वापस पैदल भाटापारा आए और इस मंदिर की स्थापना की। लटूरिया महाराज के बाद इस मंदिर का कार्यभार भगवान दास महाराज के हाथों में सौंपा गया। प्राचीनतम समय में बहुत वर्षों तक जो रथ यात्रा निकाली जाती थी, वह लकड़ी का रथ था, जिसमें रथ यात्रा का आयोजन किया जाता था। वर्तमान में लोहे से बने रथ में इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। कहते हैं जगन्नाथ के भात को, जगत पसारे हाथ को जिस तरह से पुरी के जगन्नाथ मंदिर में प्रसाद कभी कम नहीं पड़ता वैसे ही भाटापारा के लटूरिया महाराज के जगन्नाथ मंदिर का भंडारा रसोई भोजन कभी श्रद्धालुओं के लिए कम नहीं पड़ता। भगवान दास महाराज के बाद उनके नाती पोते के रूप में धन्ना महाराज इस मंदिर के पुजारी रहे और वर्तमान में धन्ना महाराज के पुत्र जगदीश वैष्णव द्वारा इस मंदिर में पुजारी की भूमिका निभाई जा रही है। भाटापारा का मंदिर शुभ एवं सिद्ध माना जाता है, जहां पर भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर लोग अपनी मनोकामना मांगते हैं जो की पूरी होती है। यहां आसपास के श्रद्धालु भगवान का आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं।

## भूपेश बोले

# वो आपातकाल ढाई साल तक था, लेकिन ये तो 11 साल से है, न जाने कब तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आपातकाल की 50वीं बरसी पर केंद्र सरकार पर किया हमला

देश में लगाए गए आपातकाल को आज 50 साल पूरे हो गए हैं, इसे लेकर बीजेपी देशभर में 'संविधान हत्या दिवस' मना रही है। इसको लेकर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। बघेल ने कहा कि वो आपातकाल ढाई साल तक था, लेकिन ये तो 11 साल से लगा है और आगे न जाने कब तक चलेगा।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा में कहा, इंदिरा गांधी में हिम्मत थी कि उन्होंने इमरजेंसी लगाई और संविधान के तहत लगाई। बाद में हमारे नेताओं ने स्वीकार किया कि अन्याय हुआ, कुछ लोगों ने दुरुपयोग किया। इंदिरा गांधी ने स्वयं इमरजेंसी हटाई, खुद चुनाव कराया। इंदिरा गांधी ने देश में घोषित आपातकाल लगाया था, लेकिन पिछले 11 साल में अघोषित आपातकाल लगा है।

लोकसभा में देखा गया 'अबकि बार 400 पार' संविधान बदलने के लिए किया गया। उन्होंने कहा, कैग की रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं होती, पिक एंड चूज की स्थिति है। राज्य, केंद्र के अधिकार में कटौती की जा रही है। यूनिवर्सिटी में आरएसएस के लोगों की नियुक्ति की जा रही है। न्यायपालिका को दबाने की कोशिश की जा रही। पहले औद्योगिक मामले में उद्योगपति अपनी बात रखते थे। मीडिया में पूरी तरह से नियंत्रण है। कोई मीडिया हाउस सरकार की नीतियों के खिलाफ कार्यक्रम चला दे तो उनके यहां सीबीआई, आईटी, ईडी पहुंच जाती है। यह कार्रवाई बिना इमरजेंसी लगाए की जा रही है। उन्होंने कहा, विपक्ष के खिलाफ लगातार कार्रवाई कराई जा रही। जो बीजेपी में शामिल हो जाता है, वो वॉशिंग मशीन में धुल जाता है। नेता विरोध में बात करते हैं, तो जेल में फेंक दिया जाता है, उसके यहां एजेंसियां पहुंचती हैं।

# पूर्व छात्राओं ने पुरस्कृत ट्रॉफी स्कूल को समर्पित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी के पूर्व छात्राओं कंचन निषाद जया तिवारी, रूपाली एवं योगेश्वरी निषाद ने अर्जुनी में सुशासन तिहार पर प्राप्त द्वितीय पुरस्कार को अपने पूर्व विद्यालय मिरगी को समर्पित किया। यह ट्रॉफी इन छात्राओं ने मिलकर जीती और फिर यह निर्णय लिया कि इस सामूहिक पुरस्कार को उस विद्यालय को समर्पित करें जिसने उन्हें प्रारंभिक शिक्षा देकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस सराहनीय पहल की स्कूल परिवार ने सराहना की। स्कूल प्रबंधन ने कहा यह पुरस्कार न केवल एक पुरस्कार है, बल्कि गुरुजनों और शैक्षणिक परिवेश के प्रति उनके सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक भी है।

इन छात्राओं ने यह प्रमाणित किया है कि शिक्षालय से मिला संस्कार जीवनभर साथ निभाता है। विद्यालय के प्रधान पाठक ईश्वर प्रसाद रजक, शिक्षक गजपति ध्रुव, हेमकुमार देवांगन एवं छात्र-छात्राओं ने पूर्व छात्राओं के इस कार्य के लिए हर्ष प्रकट करते हुए उन्हें बधाई दीं।

# आपातकाल एक डरी हुई प्रधानमंत्री की सत्ता बचाने की रणनीति थी, साव ने कहा- कांग्रेस आज भी वैसी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि कांग्रेस ने 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोप कर लोकतंत्र के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात किया। कांग्रेस आज भी अपने इस किए के लिए न तो माफी मांगती है और न ही पछतावा प्रकट करती है। आज संविधान बचाओ का नारा देने वाली कांग्रेस वही पार्टी है, जिसने संविधान को सबसे पहले और सबसे गहराई से रौंदा था।

अरुण साव ने कहा, आपातकाल की घोषणा कोई राष्ट्रीय संकट का नतीजा नहीं थी, बल्कि यह एक डरी हुई प्रधानमंत्री की सत्ता बचाने की रणनीति थी, जिसे न्याय पालिका से मिली चुनौती से बौखलाकर थोपा गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'आंतरिक अशांति' की आड़ लेकर अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग किया, जबकि न उस समय कोई युद्ध की स्थिति थी, न विद्रोह और न ही कोई बाहरी आक्रमण हुआ था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल के काले अध्याय में न केवल




लोकतांत्रिक संस्थाओं को रौंदा, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता, न्याय पालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलकर यह स्पष्ट कर दिया कि जब-जब उनकी सत्ता संकट में होती है, वह संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटती। आज 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है, आज भी सिर्फ तरीकों का बदलाव हुआ है, नीयत आज भी वैसी ही तानाशाही वाली है।

**आज भी कांग्रेस की प्रवृत्ति वही है**

श्री साव ने कहा, आज कांग्रेस में चेहरे बदल गए हैं, लेकिन तानाशाही की प्रवृत्ति और सत्ता का लोभ जस का तस है। 50 वर्ष बाद आज आपातकाल को याद करना इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि यह इतिहास की एक घटना मात्र नहीं, बल्कि कांग्रेस की मानसिकता का प्रमाण भी है। राहुल गांधी ने अपनी ही केंद्र सरकार के अध्यादेश को प्रेस कॉन्फ्रेंस में फाड़कर संविधान के प्रति कांग्रेस की इसी अधिनायकवादी सोच का प्रदर्शन किया।

**लोकतंत्र को तानाशाही में बदला गया**

उप मुख्यमंत्री ने कहा, जिस संविधान की शपथ लेकर इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी थीं, उसी संविधान की आत्मा को कुचलते हुए उन्होंने लोकतंत्र को एक झटके में तानाशाही में बदल दिया। तत्कालीन इंदिरा-सरकार ने कार्यपालिका, विधायिका और न्याय पालिका सहित लोकतंत्र के तीनों स्तंभों को बंधक बनाकर सत्ता के आगे घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। प्रेस की स्वतंत्रता पर ऐसा हमला हुआ कि बड़े-बड़े अखबारों की बिजली काट दी गई, सेंसरशिप लगाई गई और 253 पत्रकारों को जेल में डाल दिया गया।

**नेताओं को जेल में डाल दिया गया**

साव ने कहा, मीसा जैसे काले कानूनों के जरिए एक लाख से अधिक नागरिकों को बिना किसी मुकदमे के जेलों में ठूंस दिया गया, जिनमें लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और राजनाथ सिंह सहित तमाम वरिष्ठ विपक्षी नेता तो शामिल थे ही, छात्रों तक को जेल में सड़ने पर मजबूर कर दिया गया था। इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता को महफूज रखने के लिए संविधान में 39वां और 42वां जैसा क्रूर और अलोकतांत्रिक संशोधन किया, जिसके तहत प्रधानमंत्री और अन्य शीर्ष पदों को न्यायिक समीक्षा से परे कर दिया, ताकि इंदिरा गांधी को अदालत में घसीटा न जा सके।

**बीजेपी क्यों मना रही है संविधान दिवस**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री साव ने कहा, कांग्रेस शासन में लोकतंत्र का ऐसा पतन हुआ कि जेलों में बंद लोगों को अपने परिजनों के अंतिम संस्कार में शामिल होने तक की अनुमति नहीं दी गई और इन लोगों में वर्तमान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तक शामिल थे। उन्होंने खुद खुलासा किया है कि उन्हें उनकी माताजी की अंत्येष्टि में शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई। विडम्बना की बात यह है कि आज वही कांग्रेस मोदी-सरकार पर तानाशाही की तोहमत मढ़ने में लगी है।

## पुरानी टीपीए कंपनी का अनुबंध 30 अप्रैल को खत्म, नई की प्रक्रिया शुरू नहीं

# आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का ऑडिट दो माह से अटका निजी अस्पतालों से आ रहे उपचार के धड़ाधड़ क्लेम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




शहरी वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के हितग्राहियों के निजी अस्पताल में उपचार के ऑडिट का काम पिछले दो महीने से अटक गया है। इसकी वजह से स्टेट नोडल एजेंसी के पास इलाज संबंधी क्लेम धड़ाधड़ भुगतान के लिए पहुंच रहे हैं। टीपीए कंपनी अपनी टीम के साथ मरीजों के वास्तविक इलाज का निरीक्षण करती है। पुरानी टीपीए कंपनी का काम 30 अप्रैल को समाप्त हो चुका है और नयी से अनुबंध की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हो पाई है। प्रदेश में लोगों निशुल्क उपचार की सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य सहायता योजना का संचालन किया जाता है। इसके तहत पंजीकृत करीब 13 सौ अस्पतालों में हितग्राहियों को इलाज की सुविधा दी जाती है। निजी अस्पतालों में उपचार व्यवस्था की निगरानी करने का काम स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा अनुबंधित कंपनी द्वारा कराया जाता है। कंपनी अपने डाक्टरों की तैनाती पंजीकृत अस्पताल में करती है, जो मरीजों की जरूरत के हिसाब से उपचार का ऑडिट करती है। सूत्रों का कहना है कि इस ऑडिट प्रक्रिया में अस्पतालों के माध्यम से किए जाने वाले फर्जी क्लेम पर विराम लगता है। पिछले दो माह से यह ऑडिट का काम अटका हुआ है, क्योंकि पुरानी कंपनी एफएचपीएल का टेंडर अनुबंध 30 अप्रैल को समाप्त हो चुका है। जानकार लोगों का कहना है कि ऑडिट नहीं होने की वजह निजी अस्पतालों द्वारा अंधाधुंध तरीके से क्लेम राशि भुगतान के लिए स्टेट नोडल एजेंसी को भेजा जा रहा है।

### तीन साल अनुभवी एमबीबीएस डाक्टर जरूरी

सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य सहायता योजना में टीपीए कंपनी अपने खर्च पर तीन साल अनुभवी एमबीबीएस डाक्टर की व्यवस्था करती है। डाक्टरों को मरीज के उपचार की पूरी प्रक्रिया की जानकारी होना आवश्यक है। कुछ समय पहले अनुबंधित डाक्टरों को ऑडिट की जिम्मेदारी दे दी गई थी क्लेम रिजेक्शन की भारी संख्या के बाद काफी बवाल मचा था और कंपनी को इन डाक्टरों को हटाना पड़ गया था। अभी ऑडिट का काम नहीं होने की वजह से योजना से जुड़े अधिकारियों की परेशानी बढ़ती जा रही है।

### नए सीएस की नियुक्ति जल्द : साय

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मीडिया से चर्चा में कहा है कि राज्य में नए मुख्य सचिव (सीएस) की नियुक्ति जल्द की जाएगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव, भारतीय प्रशासनिक सेवा 1989 बैच के अधिकारी अमिताभ जैन 30 जून को अपने पद से रिटायर हो जाएंगे। उनके बाद राज्य का अगला मुख्य सचिव कौन होगा, इसकी अटकलें कई दिनों से चल रही हैं। नौकरशाही में दिलचस्पी रखने वाले कई लोग इंतजार में हैं कि राज्य का अगला सीएस कौन होगा। छत्तीसगढ़ में इस वक्त 1991 बैच की अतिरिक्त मुख्य सचिव रेणु पिल्ले, 1992 बैच के सुब्रत साहू 1994 बैच की ऋचा शर्मा और मनोज पिंगुआ इस वक्त छत्तीसगढ़ में सेवाएं दे रहे हैं। वहीं 1993 बैच के अमित अग्रवाल, 1994 बैच की निधि छिब्बर, विकासशील प्रतिनियुक्ति पर प्रदेश से बाहर सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि रेणु पिल्ले, सुब्रत साहू, ऋचा शर्मा और मनोज पिंगुआ की स्वाभाविक दावेदारी सबसे अधिक प्रबल है।

# स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में हुए कई निर्णय



**पलारी।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला दतान प में बुधवार को शाला प्रबंधन समिति की बैठक हुई, जिसमें बच्चों का नामांकन, नियमित उपस्थिति, गणवेश, पुस्तक वितरण, विद्यालय की साफ सफाई, स्थानीय खेल का आयोजन, बच्चों में मोबाइल, गेजेट्स के अत्यधिक उपयोग के रोक पर चर्चा, शाला में मुलभुत आवश्यकता, पुस्तकालय का नियमित उपयोग एवं बच्चें नशे से कैसे दूर रहे इन सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि नीलकमल साहू, साधराम बारले, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुमित्रा साहू, फुलेश्वरी, रुखमणि रजक, रामसिंह साहू, संतोष रजक, किरण ठाकुर, संध्या पैकरा, अनिता रात्रे, अभिषेक महोबे, कमलेश कुमार साहू, शिवकुमार वर्मा, देवेश साहू, श्रवण कुमार साहू, प्रकाश कुमार सेन, तेजराम साहू उपस्थित थे।

खबर संक्षेप



## बंगोली के ग्रामीणों ने मनाया जुड़वास

**बंगोली।** आषाड़ मास में मनाया जाने वाला जुड़वास गुरुवार को मां शीतला दरबार में समस्त ग्रामवासी शामिल हुए। ग्राम के बैगा राजू ढीमर की मौजूदगी में ग्रामवासियों ने श्रीफल, अन्नदान आदि से मां शीतला दरबार पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस दिन मां शीतला के श्रीचरणों से अभिमंत्रित जल को दरबार में लाए और सभी भक्तों पर छिड़काव किया। इसके अलावा इस जल से घर का शुद्धिकरण किया, नकारात्मक शक्तियों को दूर किया। गांव देहात में किसी को छोटी माता, बड़ी माता होने पर मां शितला के दरबार पहुंच कर जल से मां शितला को स्नान कराकर उसी जल को पीड़ितजन पर छिड़काव करने से ठीक होता है। ग्राम के मां जस सेवा समिति द्वारा ग्रामवासियों को आमंत्रण करते हुए भ्रमण कर मां शीतला दरबार में जसगीत, पचरा गाकर जुड़वास मनाया।

## डीएपी के बदले यूरिया, पोटाश खाद का भंडारण

**महासमुंद।** वर्तमान में डीएपी की समस्या को देखते हुए शासन द्वारा वैकल्पिक उर्वरक के रूप में कृषकों को 20:20:0:13 यूरिया, पोटाश, एसएसपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने हेतु समितियों में भंडारण किया जा रहा है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सरायपाली ने बताया कि 25 जून को सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 9 सहकारी समितियों में उर्वरक का भण्डारण किया गया है। जिसमें 20:20:0:13 उर्वरक का सहकारी समिति चिंवराकुटा में 31 टन, कोटद्वारी (बलौदा) में 25 टन, रिसेकेला में 31 टन, गेर्रा में 20 टन, जंगलबेड़ा में 30 टन एवं सरायपाली में 23 टन भंडारण किया गया है। इसी तरह डीएपी उर्वरक को सहकारी समिति तोषगांव में 16 टन, तोरेसिंहा में 15 टन एवं सरायपाली में 12 टन भंडारित किया गया है।

### निधन

## जितेंद्र कुमार वर्मा

बलौदाबाजार। ग्राम गोड़ा निवासी



जितेंद्र कुमार वर्मा 26 जून को निधन हो गया। वे जितेंद्र वर्मा, स्व. रिखी राम वर्मा के छोटे पुत्र, देबी प्रसाद, ओमप्रकाश, नागेश्वर वर्मा के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार ग्गृहग्राम में किया गया।

## पं. कुलेश्वर प्रसाद

**बलौदाबाजार।** ग्राम छेरकापुर



निवासी 71 वर्षीय पं. कुलेश्वर प्रसाद तिवारी का बुधवार रात निधन हो गया। वे पं. प्रदीप कुमार तिवारी, पं. राजेंद्र कुमार तिवारी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को गृह ग्राम छेरकापुर में किया गया।

# जिले में अब तक 122.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज, कृषि कार्य गतिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में मानसून ने जोर पकड़ लिया है, जहां बीते दिनों लगातार हो रही बारिश से औसत वर्षा का आंकड़ा बढ़कर 122.3 मिमी तक पहुंच गया। वहीं कई क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। 26 जून को जिले में कुल 474.1 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिससे औसत वर्षा 52.7 मिमी रही। सुहेला में सर्वाधिक, सोनाखान में सबसे कम बारिश भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, अब तक जिले में सबसे अधिक वर्षा तहसील सुहेला में 210.6 मिमी दर्ज की गई है।

वहीं, सबसे कम वर्षा सोनाखान तहसील में 75 मिमी रही। अन्य तहसीलों की बात करें तो लवन में 112.2 मिमी, सिमगा में 134 मिमी, भाटापारा में 136 मिमी, कसडोल में 85.1 मिमी, पलारी में 112.7 मिमी, टुंडरा में 120 मिमी तथा बलौदाबाजार में 115.1 मिमी वर्षा हुई है।

26 जून को जिलेभर में अच्छी बारिश बीते 24 घंटे के दौरान 26 जून को जिले में कुल 474.1 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। तहसीलवार बारिश इस प्रकार रही- सुहेला 152.5 मिमी, बलौदाबाजार 75 मिमी, पलारी 56.8 मिमी, भाटापारा 72 मिमी, सिमगा 40 मिमी, लवन 28 मिमी, सोनाखान 25 मिमी, कसडोल 13.3 मिमी, टुंडरा 11.5 मिमी ।

### अब तक जिले में सबसे अधिक वर्षा तहसील सुहेला में 210.6 मिमी





### सड़कों पर जलभराव किसानों में उत्साह

लगातार हो रही बारिश से जिला मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनी है। शहर की सड़कों पर जगह-जगह पानी भर गया है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। हालांकि, खेतों में पानी भरने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। धान की बुवाई के लिए यह बारिश बेहद लाभकारी मानी जा रही है।

**समारोह :** विधायक इंद्र साव ने बोर्ड परीक्षा के प्रतिभावान छात्रों का किया सम्मान

# सरकारी स्कूलों में प्रतिभाओं की कमी नहीं, मार्गदर्शन सही मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन बुधवार को नगर भवन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल विधायक इंद्र साव ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगा कर एवं पाठ्य-पुस्तक वितरण कर स्वागत किया। इस दौरान विधायक साव ने शिवलाल मेहता स्कूल में कक्षा 12वीं में शत प्रतिशत परिणाम आने पर सभी विद्यार्थियों का सम्मान किया।

नगर भवन में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधायक इंद्र साव ने कहा कि नव प्रवेशी बच्चे नियमित रूप से शाला में ऐसा माहौल शिक्षकों को बनाने की आवश्यकता है। शिक्षक एक ऐसा दीपक है जो दूसरों के जीवन के अंधकार को दूर करने का माजदा रखते हैं। उन्होंने कहा कि अंचल की शालाओं में प्रैक्टिकल लैब, लायब्रेरी इत्यादि की जरूरत बच्चे महसूस कर रहे हैं, अंचल में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक उन्नत बनाने की आवश्यकता है। शासकीय स्कूलों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। थोड़े से प्रोत्साहन और टीचर्स के उचित मार्गदर्शन में यही बच्चे अपने जिले, प्रदेश और देश का नाम रौशन करने प्रयत्नशील दिखाई पड़ते हैं। इसलिए इनको आगे बढ़ाने में किसी भी तरह का अभाव या अड़चन न हो, यही विभाग की मंशा होनी चाहिए।

विधायक इंद्र साव ने बालिकाओं को भी प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा और खेल के क्षेत्र में भी वो पूरी तन्मयता के साथ आगे बढ़े। विधायक ने इस दौरान शिक्षकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे स्वयं एक शिक्षक के सुपूत है और शिक्षक की दिनचर्या से अच्छी तरह वाकिफ है और चाहते हैं कि यहां के शिक्षक पालकों के साथ अच्छा सामंजस्य बैठाकर बच्चों में छुपी प्रतिभाओं को सामने लाए, ताकि बच्चे अपने माता पिता संस्थान का नाम रोशन कर सके। कार्यक्रम के दौरान ही विधायक साव ने शिवलाल मेहता स्कूल में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने पर विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों का सम्मान किया। इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामजी पाल, विभिन्न स्कूल के प्राचार्य, प्रधान पाठक शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी,शिक्षकगण, पालकगण, स्कूली बच्चे और नागरिकगण उपस्थित थे।

# जिले की बेटियों ने फहराया 14 हजार फीट पर तिरंगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

जिले की चार बेटियों ने हिमाचल की बर्फीली, दुर्गम, कठोर रास्तों में खराब मौसम, बारिश, व बर्फबारी में भी हार को पराजित करते हुए 35 किलो मीटर की ट्रैंकिंग कर 14हजार फिट ऊंची चोटी में पहुंच कर तिरंगा फहराकर छत्तीसगढ़ राज्य के साथ ही साथ जिले व गांव का की मान सम्मान बढ़ाया।

इस उपलब्धि से गदगद ग्रामीण जन व गांव के जनप्रतिनिधियों द्वारा कनकलता राजपूत गरियाबंद पोंड ग्राम से कु. अम्बा तारक, कु. खिलेश्वरी कश्यप व कु. कोमिता साहू का सम्मान बस स्टैंड पोंड (पाण्डुका) में शाम को तिलक लगाकर मुंह मीठा कर फुल माला, बुके व श्रीफल गमछे से स्वागत किया गया जिसमें पूर्व जनपद सभापति श्रीमति रजनी सतीश चौरे, सरपंच कौशल्या लीलाधर कंवर, उपसरपंच कुलेश्वर साहू, जय गुरुदेव शीला मानस परिवार के संरक्षक प्रदीप सेन व अध्यक्ष गोपाल साहू, गांव के गणमान्य नागरिक सतीश चौरे, लीलाधर कंवर, अशोक कश्यप, लिलेश साहू पेमिन साहू, रेवती साहू, दुलेश्वर साहू, देवेंद्र साहू, फनेंद्र साहू, पोखन साहू, तोमन साहू, एवश तारक, राजा साहू सुभाष कश्यप कृष्णा साहू, मिलन तारक, जमालुद्दीन, गुपेश साहू, नरोत्तम साहू व गोपाल यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन माताओं व भाइयों का सहयोग रहा।

# स्कूल में प्रवेशोत्सव और विदाई समारोह हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम बुड़ेरा स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव, विदाई समारोह तथा जन्मोत्सव का संयुक्त आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नवीन अग्रवाल, अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर थे। विशिष्ट अतिथि विवेक शर्मा, राजा भरत साहू सरपंच, जनकराम सिन्हा ग्रामसभा अध्यक्ष, टीआर वर्मा एवं महेंद्र साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत, राजगीत एवं सुवा नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं। प्रवेशोत्सव के तहत नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर, गुलाल से तिलक कर स्वागत किया तथा उन्हें पाठ्यपुस्तकें एवं निःशुल्क ड्रेस वितरित किए गए। इस अवसर पर पदोन्नत होकर शासकीय प्राथमिक शाला तुलसी में स्थानांतरित हुए प्रधान पाठक महेंद्र साहू को विदाई दी गई। उन्हें शाला परिवार एवं ग्राम पंचायत की ओर से प्रतीक चिन्ह, श्रीफल व साल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सरपंच राजा भरत साहू का जन्मोत्सव रहा, जिसे विद्यार्थियों व ग्रामवासियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। प्रधान पाठक खोड़स राम वर्मा ने आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी, पालकगण, पंचगण, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षकगण एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

# स्कूल बच्चों के ज्ञान, विचार और संस्कारों को गढ़ने का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



ग्राम छेरकापुर में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी सविता भीम यादव ने बच्चों को प्रवेश उत्सव की बधाई दी और कहा कि स्कूल सिर्फ पढ़ाई की ही जगह नहीं यह बच्चों के ज्ञान एवं बौद्धिक विचार संस्कार में ढालने की जगह है। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का तिलक लगा कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें, गणवेश और अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया और सरस्वती सायकिल योजना के तहत 9वीं के छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकिल योजना के तहत सायकिल वितरण की गई।

- छेरकापुर में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मना

कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि बच्चे देश और प्रदेश का भविष्य है। बच्चे अच्छे से पढ़ लिखकर अपने भविष्य को सुधारेंगे अपने आप को मजबूत करेंगे तो देश व प्रदेश स्वावलंबी बने। प्रधानमंत्री की सोच है कि 2047 तक देश को विकसित भारत बनाएंगे, यहां जीतेंगे भी। अध्यापक है वह ड्यूटी के हिसाब से नहीं, बल्कि एक अभिभावक बनकर बच्चों को पढ़ाये तो निश्चित ही हर विद्यालय में बच्चे अच्छे शिक्षा के साथ ही विचारवान बनेंगे। कार्यक्रम के पश्चात शाला प्रांगण में पौधारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक बिलाईगढ़ डॉ. सनम जांगड़े, वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव, प्रदेश उपाध्यक्ष अजा मोर्चा दुर्गा माहेश्वर, जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सेवक वर्मा, मण्डल अध्यक्ष पलारी पवन वर्मा, मण्डल अध्यक्ष रोहांसी विजय कोशले, पूर्व जनपद अध्यक्ष पिलाराम साहू, महामंत्री पलारी संतोष वर्मा, डॉ. केजू साहू, मोहन साहू, मण्डल कोषाध्यक्ष संकेत वर्मा, मण्डल मीडिया प्रभारी गौतम यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भीम यादव, जनपद उपाध्यक्ष अघनी (मनोज आडिल), जनपद सदस्य सरोज विनय साहू, अनुसूईया मोकेश चंद्राकर, राम बाबू पटेल, सरपंच कुमुदनी साहू, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष पृथ्वी साहू, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष रवि श्रीवास्तव, युमो मीडिया प्रभारी योगेश योगी वर्मा, भाजपा नेतागण दीपक साहू, जानदत्त वर्मा, ओम साहू, मोतीराम कनौजे, गोपाल कनौजे, मनहरण घृतलहरे, तहसीलदार लीलाधर कंवर, बीईओ नरेश वर्मा, बीआरसी जोशी, प्राचार्य जितेन्द्र साहू, सहित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### शाला प्रवेशोत्सव पर छात्रों को बांटे गए बैग, किताबें और मिठाई



गिधौरी। छुईहा के शासकीय स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छोटे-छोटे नन्हें बच्चों के स्वागत में स्कूल परिसर को रंग-बिरंगी फूलों से सजाया गया था। बच्चों को मिठाइयां बांटी गईं और नए बैग, किताबें एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। इस मौके पर शिक्षकों में अरुण कुमार टण्डन प्रधान पाठक, त्रिलोक हरिप्रिय, महेन्द्र कुमार मरावी, सन्तोष कुमार साहू, राकेश कुमार जाटवर, अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों में धनीराम बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत छुईहा, राजकुमार जांगड़े एवं राजेन्द्र कुमार टण्डन पंच की उपस्थिति ने आयोजन को और भी खास बना दिया। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर उत्साह और मुस्कान देखी गई। स्वागत गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। प्रधानाध्यापक ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आश्वासन दिया। शाला प्रवेशोत्सव के माध्यम से शिक्षा के प्रति जागरूकता और बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने का सार्थक प्रयास छुईहा में देखने को मिला।

गांव में सुख, शांति एवं रोगमुक्त वातावरण की कामना की

# चकवे में मनाया गया माता पहुंचानी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत चकवे में इस वर्ष भी माता पहुंचानी पर्व मनाया गया। यह पारंपरिक पर्व आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष में गुरुवार एवं सोमवार के दिन मनाया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने गहरी श्रद्धा के साथ भाग लिया। पर्व पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में माता शीतला के मंदिर पहुंचे। वहां अगरबत्ती जलाकर एवं नारियल तोड़कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की गई। इस मौके पर बैग महाराज द्वारा नीम के पत्तों से जल का छिड़काव कर भक्तों को माता शीतला की ओर से आशीर्वाद प्रदान किया गया। गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने जानकारी दी कि यह पर्व छत्तीसगढ़ की परंपरा में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है, जो विशेष रूप से माता शीतला को समर्पित है। इसका उद्देश्य गांव में सुख, शांति एवं रोगमुक्त वातावरण की कामना करना होता है।





ग्राम पंचायत प्रतिनिधि सेतराम साहू ने बताया कि मान्यता है कि मां शीतला चेचक, बुखार एवं अन्य बीमारियों से रक्षा करती हैं। उन्होंने 'जुड़वास' पर्व का अर्थ स्पष्ट करते हुए बताया कि यह 'जुड़ने' या 'मिलने' का पर्व है, जिसमें गांव की महिलाएं, माताएं, बुजुर्ग और बच्चे सामूहिक रूप से माता शीतला के मंदिर में एकत्र होकर गांव की समृद्धि, शांति और आरोग्यता की कामना करते हैं। पर्व के दौरान माता के मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। मंदिर की थाप पर माता जी के जस गीतों का गायन हुआ एवं पूजा-अर्चना के साथ दूध से अभिषेक किया गया। इसके पश्चात भक्तों के लिए प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस धार्मिक आयोजन में बैग महाराज लखन लाल निषाद, तोमन लाल साहू, सालिक राम, चैतू साहू, देवनाथ साहू, सेवाराम साहू, नारद निषाद, पुरुषोत्तम यादव, धीरपाल निषाद, बुद्धू राम निषाद, सूरज निषाद, भूखन साहू सहित अनेक श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

## वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**महासमुंद।** दलदली रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में 25 जून को नगर पालिका निखिलकांत साहू के निर्देश पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की टीम के डॉक्टर जीएस दीवान और स्वास्थ्य स्टाफ द्वारा वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411